प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 06.02.2026

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी

नवागत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी का चार्ज ग्रहण कर पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण; रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन कर उनके व्यवस्थित रख-रखाव व अद्यावधिक रखने के दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी, 06.02.2026 । नवागत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा आज दिनांक 06.01.2026 की पूर्वान्ह को पुलिस अधीक्षक खीरी का चार्ज ग्रहण किया गया । महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों जिनमें वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, रिट सेल, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ, मॉनिटरिंग सेल, चुनाव सेल आदि का निरीक्षण किया गया तथा जरूरी व्यवस्थाओं एवं कार्यों का अवलोकन किया गया। कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन कर उनके व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा कार्यालयों में किये जा रहे कार्य के संबंध में पुलिसकर्मियों से पूछताछ कर जानकरी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

<u>थाना पसगवां पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त गौरव शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा उर्फ कल्लू शर्मा को गिरफ्तार किया गया।</u>

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक पसगवां के नेतृत्व में आज दिनांक 06.02.2026 को थाना पसगवां पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 27/2026 धारा 74 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट में 01 नफर वांछित अभियुक्त गौरव शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा उर्फ कल्लू शर्मा निवासी ग्राम व थाना पसगवां जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया ।

<u>गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-</u>

1.गौरव शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा उर्फ कल्लू शर्मा निवासी ग्राम व थाना पसगवां जनपद खीरी

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>

1.व0उ0नि0 राजू सागर थाना पसगवां जनपद खीरी
2.हे0का0 संजय कुमार थाना पसगवां जनपद खीरी

थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त निरंकार पुत्र दयाराम को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी के नेतृत्व में आज दिनांक 06.02.2026 को थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 71/2026 धारा 69/115(3)/351(2)/352/191(2) बीएनएस में 01 नफर वांछित अभियुक्त निरंकार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम मुकद्दरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया ।

गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-

1. निरंकार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम मुकद्दरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 संजीत तिवारी प्रभारी चौकी अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी
2 हे0का0 अशोक तिवारी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी

वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

1.थाना कोतवाली सदर द्वारा मु0अ0नं0 897/2025 धारा 273 बीएनएनएस में 01 नफर वारंटी अभियुक्त जितेन्द्र प्रकाश पुत्र सरजू निवासी बरखेरवा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 20 लीटर अवैध शराब बरामद कर 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **20 लीटर अवैध कच्ची शराब** बरामद कर **02 नफर** अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **02 अभियोग** पंजीकृत किये गये